सं.44/09/2009-आरई (भाग)
भारत सरकार
विद्युत मंत्रालय
श्रम शक्तिभवन, रफी मार्ग, नई दिल्ली-110001
टेलीफोन सं. 23719637, फैक्स सं. 23717519

दिनांक : 28 अगस्त, 2009

सेवा में,

1. मुख्य सचिव, सभी राज्य
2. सचिव (विद्युत/ऊर्जा), सभी राज्य
3. अध्यक्ष, सभी राज्य यूंटिलिटी
4. अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, आरईसी, स्कोप कांप्लेक्स, नई दिल्ली

विषयः 11वीं योजना में राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना के अधीन विकेंद्रीकृत वितरित उत्पादन (डीडीजी) के माध्यम से ग्रामीण विद्युतीकरण - ग्रामीण विद्युत बुनियादी सुविधा और आवास विद्युतीकरण।

महोदय,

मुझे उपर्युक्तविषय का हवाला देने और यह कहने का निदेश हुआ है कि 11वीं योजना में राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना के अधीन विकेंद्रीकृत वितरित उत्पादन (डीडीजी) के माध्यम से ग्रामीण विद्युतीकरण के लिए दिशानिर्देश आदेश सं.44/1/2007-आरई दिनांक 12 जनवरी, 2009 के जरिए जारी किए गए थे। मंत्रालय ने कार्यालय ज्ञापन सं.44/1/2007-आरई दिनांक 5 जून, 2009 के जरिए राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना के अधीन विकेंद्रीकृत वितरित उत्पादन (डीडीजी) के कार्यान्वयन के लिए कार्यान्वयन सहायता समूह (आइएइसजी) का गठन किया था।

2. विकेंद्रीकृत उत्पादन (डीडीजी) के अधीन डीपीआर तैयार करने की सुविधा के लिए विद्युत मंत्रालय ने ऐसे परामर्शदाताओं की सूची तैयार करने के लिए परामर्शी विकास केंद्र (सीडीसी) को काम पर लगाया है, जो विकेंद्रित वितरित उत्पादन के अधीन डीपीआर तैयार करने में सहायता देंगे। परामर्शी विकास केंद्र (सीडीसी) ने 32 परामर्शदाताओं की सूची दी है। इन 32 परामर्शदाताओं की सूची संलग्न है।

3. अनुरोध है कि यदि विकेंद्रीकृत वितरित उत्पादन के अधीन डीपीआर तैयार करने के लिए राज्य सरकार को किसी सहायता की जरूरत हो तो वे सूची में उल्लिखित परामर्शदाताओं से सहायता ले सकते हैं। परामर्शदाताओं की सूची तैयार करने का अनुरोध संलग्न फार्मेट में किया जा सकता है। सभी 32

परामर्शदाताओं से टेंडर ई-मेल के जरिए मानक प्रस्तावों हेतु अनुरोध (आरएफपी) अनिवार्य रूप से आमंत्रित किए जाने चाहिए, जो इस पत्र के साथ संलग्न है।

4. यदि कोई और स्पष्टीकरण अपेक्षित हो तो वह महाप्रबंधक (डीडीजी), रूरल इलेक्ट्रीफिकेशन कारपोरेशन लिमिटेड, कोर-IV, स्कोप कांप्लझक्स, लोधी रोड, नई दिल्ली (टेलीफोन 24369852) से प्राप्त किया जा सकता है।

भवदीय,

ह/-

(अरुण कुमार सिंह)

अवर सचिव, भारत सरकार

टेलीफोन : 23719637

ई-मेल : arunk singh@nic.in